हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

10 अयोध्या के लिए तीन सौ टन चावल रवाना, घर-घर दे रहे आमंत्रण कार्ड



11 शौर्य संगठन ने मनाया स्थापना दिवस 1100 दीयों से की गई गंगा महाआरती





## खबर संक्षेप

### युवती का मोबाइल छीना, युवक पकड़ाया

**भिलाई।** राह चलते महिला का मोबाइल छीनकर फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल में मौजूद पेटीएम खाते से रूपये पार करने वाले गिरोह का सदस्य भी है। शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 26 दिसंबर की रात अपने काम से वापस घर जा रही युवती को गोयल क्लीनिक के सामने पावर हाउस में दो बाइक सवार अज्ञात युवकों ने मोबाइल छीनकर फरार हुए थे। उसके मोबाइल के पेटीएम से 9090 रूपए पार किया था। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। जांच में पुलिस ने सीसीटीटी कैमरों का फुटेज खंगाला गया। फुटेज में बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों की शिनाख्त होने पर खोजबीन किया। मिलने पर युवकों से पूछताछ करने पर अपना नाम एसीसी चौक राजीव नगर के पास रहने वाले रवि चौधरी 22 वर्ष नंदिनी रोड़ में चोरी की मोबाइल बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।आरोपी के निशानदेही पर मोबाइल, नगदी 6 हजार बाइक बरामद किया।

### चटाई क्वार्टर में लगी आग, मशक्कत के बाद काबू

**भिलाई।** कैम्प स्थित चटाई क्वाटर में अचानक अआागजनी से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना में मौके पर दमकल वाहन पहुची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक घटना छावनी स्थित बीती रात कैम्प-2 चटाई क्वार्टर में कंबल-चादर व्यापारी के मकान में आग लगी थी। सूचना पर दमकल वाहन पहुची और दो घंटे के भीतर आग पर काबू पाया गया। घर में धुंआ उठता देख परिवार वाले बाहर निकल गए। घर में रखे कंबल में अचानक आग पकड़ने के बाद फैलने लगा। मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने काफी प्रयास किया। आग नहीं बुझने पर दमकल वाहन को बुलाया गया और लंबे पाइप की मदद से पानी की बौछार मकान में किया गया।

### एसएसपी ने किया 25 पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर

**भिलाई।** एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने पहली बार पुलिस में स्वयं के आवेदन पर अधिकारी व कर्मियों का ट्रांसफर किया। इस दौरान 25 अधिकारियों व कर्मचारियों का ट्रांसफर सूची जारी कर दी है। जिसमें लंबे समय से पुलिस लाईन में पदस्थ 14 आरक्षकों को थानों में पोस्टिंग भी मिली है। इसमें उप निरीक्षक राजकुमारी कामड़े को महिला थाने से अमलेश्वर, सहायक उप निरीक्षक अमित कुमार शर्मा को वैशाली नगर से यातायात, रमेश सिन्हा को रक्षित केंद्र से जिला विशेष शाखा, नरेंद्र सिंह को नगपुरा से धमधा, सुभाष चन्द्र बोरकर को बोरी से पुरानी भिलाई, प्रधान आरक्षक रोहित कुमार करमाकर को पाटन से पद्मनाभपुर, आरक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को रक्षित केंद्र से जामुल, बद्री सिंह को रक्षित केंद्र से जेवरा सिरसा, गणेश यादव को रक्षित केंद्र से जामुल, विनोद कुमार को रक्षित केंद्र से वैशाली नगर, कुंजू ढीमर को रक्षित केंद्र से पद्मनाभपुर, योगेश्वर कुमार सन्हिा को रक्षित केंद्र से सुपेला, गिरजा शंकर को रक्षित केंद्र से उतई, हिमांशु जंघेल को रक्षित केंद्र से मोहन नगर, संतोष कुमार साहू को रक्षित केंद्र से जेवरा सिरसा, महिला आरक्षक मनीषा जांगड़े को रक्षित केंद्र से वैशाली नगर, सीमा साहू को कुम्हारी से अंजोरा, चंद्रिका चंदेल को रक्षित केंद्र से दुर्ग, आरक्षक केशव कुमार को रक्षित केंद्र से दुर्ग, रितुराज सिंह राजपूत को रक्षित केंद्र से पद्मनाभपुर, दव्यिराज बोरकर को रक्षित केंद्र से पद्मनाभपुर, घनश्याम उरांव को पाटन से वैशाली नगर, महताब अहमद को धमधा से छावनी, ईशांत प्रधान को खुर्सीपार से भिलाई भट्ठी और प्रशांत पाटणकर को पद्मनाभपुर से दुर्ग थाना स्थानांतरित किया गया है।

# पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार के लिए 469 विद्यार्थी को मिली पात्रता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पीएचडी प्रवेश के नतीजे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने घोषित कर दिए। 469 परीक्षार्थी साक्षात्कार के लिए पात्र हुए हैं। 17 दिसंबर 2023 को कल्याण महाविद्यालय भिलाई नगर परीक्षा केन्द्र में 19 विषयों हेतु आयोजित पीएचडी प्रवेश लिखित परीक्षा ली गई थी। विष्वविद्यालय की पीएचडी सेल प्रभार डॉ. प्रीता लाल ने बताया पीएचडी प्रवेश लिखित परीक्षा में नियमानुसार 50 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले सामान्य वर्ग के परीक्षार्थी शामिल है। वहीं राजपत्र के नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परीक्षार्थियों को प्राप्तांकों में पांच प्रतिशत अंकों की छूट प्रदान की गई है। नेट/सेट/गेट परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को पीएचडी लिखित प्रवेष परीक्षा से छूट प्राप्त थीं। अब इन सभी परीक्षार्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रें के साथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित साक्षात्कार में शामिल होना होगा। साक्षात्कार की सूचना पृथक से विष्वविद्यालय के वेबसाइट एवं अन्य समाचार माध्यमों के जरिये प्रसारित की जायेगी। सम्भवतः जनवरी के द्वितीय सप्ताह में साक्षात्कार आयोजित होंगे।

### यूनिवर्सिटी ने किए परीक्षा के नतीजे घोषित



### सेमेस्टर परीक्षा पर नजर, 12 महाविद्यालयों में दबिश

हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा 28 दिसंबर से जारी सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रथम सप्ताह व्यतीत हो जाने तक विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने 12 महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति के निर्देश पर सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिदिन विश्वविद्यालय के अधिकारी औचक निरीक्षण कर रहें हैं। लगभग सभी परीक्षा केन्द्रों पर सेमेस्टर परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित मिली तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

#### नजर रखने दो टीम बनी

सेमेस्टर परीक्षार्थियों पर नजर रखने के लिए दो टीम बनाई गई है। प्रथम समूह में अधिष्ठाता डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, उपकुलसचिव राजेन्द्र चौहान तथा सहायक कुलसचिव हिमांशुशेखर मंडावी शामिल थें। द्वितीय समूह में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दिनेशनामदेव, वित्त अधिकारी सुशील गजभिये, सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार शामिल थें। जिन महाविद्यालयों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया उनमें भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई, स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको भिलाई, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई, सेठ आर. सी. एस. कॉलेज, दुर्ग, घनश्याम आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग, शासकीय कमला देवी राठी महाविद्यालय, राजनांदगांव, शासकीय षिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव, कांफ्लूएंस कॉलेज, राजनांदगांव, सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई, सांई महाविद्यालय, सेक्टर 06 भिलाई, देवसंस्कृति कॉलेज, खपरी, दुर्ग, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई शामिल है।

#### बीएड सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू

कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने विश्वविद्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजन संबंधी निर्देश दिये ।बीएड प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थी 3 से 8 जनवरी तक ऑनलाईन रूप से अपना नामांकन करा सकेंगे तथा नामांकन के पश्चात सभी परीक्षार्थी 4 जनवरी से 10 जनवरी तक ऑनलाईन रूप से अपना परीक्षा आवेदन जमा कर सकेंगे। बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 24 जनवरी से प्रारंभ होना प्रस्तावित हैं।

### ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल खत्म, पटरी पर आने लगी ट्विनसिटी

# शहर के पेट्रोल पंपों में कम हुई कतार मार्केट में अब भी महंगाई से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हिट एंड रन मामले में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। इसी के साथ ही ट्विनसिटी पटरी पर लौटने लगी है। पेट्रोल पंपों में कतार कम हो गई है लेकिन मार्केट में मंहगाई से लोगों को राहत नहीं मिल पाई है। सब्जी दुगुने दाम पर बेचे जा रहे हैं। आलू-प्याज के रेट भी कम नहीं हुए हैं। किराना में रोजमर्रा जरूरत के सामान का स्टॉक भी इतना कम हो गया है कि लोगों को मिल नहीं पा रहा है।



#### पेट्रोल- डीजल से मिली राहत

ट्विनसिटी के पेट्रोल पंप पर हालात बुधवार की शाम तक सामान्य हो पाई। दोपहर तक पेट्रोल-डीजल के टैंकर आना शुरू हुआ। इसके पहले सुबह से दोपहर 12 बजे तक लोग अपने वाहनों में पेट्रोल लेने के लिए कतार में दिखाई दिए। कार और ट्रासपोर्टिंग वाहनों में भी पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए आम दिनों से ज्यादा लोग पहुंचे थे। दोपहर बाद पेट्रोल डीजल के टैंकरों के आने के बाद हालात सामान्य हो पाई। जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

#### स्कूल और सिटी बसें भी चली

हड़ताल खत्म होने के बाद बस स्टैंड में रौनक लौट आई। भटकते हुए यात्रियों का दृश्य गायब सा हो गया। सुबह से ही दुर्ग से रायपुर, राजनांदगांव, बालोद, धमधा और पाटन रूट के लिए बसें लग चुकी थी। लोगों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई। खासकर ग्रामीण इलाके के यात्रियों को आने जाने में दिक्कतें हो रही थी। निजी स्कूलों में भी बच्चों को लेने के लिए स्कूल बसें अपने निर्धारित रूटों पर पहुंची। जिससे स्कूलों में फिर से पढ़ाई पूरी गति से शुरू हो गई।

#### बाजार में आलू-प्याज के दाम बढ़े

ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दो दिन में ही सब्जी मंडी सबसे ज्यादा प्रभावित है। बाहर से आलू-प्याज के ट्रक सोमवार व मंगलवार को नहीं पहुंचे। बुधवार को भी ट्रक नहीं आया है। जिसकी वजह से आलू-प्याज के दाम फिर से 50 से 60 रुपए किलो से हो गए हैं। गली-मुहल्लों के किराना दुकानों में आलू व प्याज का स्टॉक भी खत्म हो गया है। मंडी में इन चीजों की आवक नहीं होने से दुकानों में यह स्थिति निर्मित हो गई है।

#### टमाटर 40 रुपए किलो पहुंचा

सब्जी मार्केट में हड़ताल के पहले जिस टमाटर को लोग 10 रुपए किलो में खरीद रहे थे उसकी कीमत चिल्हर में 35 से 40 रुपए तक पहुंच गई है। टमाटर की आवक लोकल बाड़ियों से भी आ रही है। धमधा क्षेत्र में भिलाई दुर्ग की मंडियों में सबसे ज्यादा टमाटर की आवक रहती है। उसके बाद भी बाजार में टमाटर को मनमाना रेट पर बेचा जा रहा है। स्थानीय सप्लाई भी बुधवार सुबह से ही शुरू हो गई है। फिर भी बाजार में सब्जी विक्रेता रेट कम नहीं कर रहे।

#### पुलिस और प्रशासन रहे मुस्तैद

मंगलवार की रात 12 बजे से ही पुलिस और जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रवेश चौकियों पर पुलिस बल लगा दिया गया था। ताकि शहर के भीतर पेट्रोल पंपों पर आने वाले टैंकरों को कोई रोके नहीं। इसी तरह चौकियों पर मालवाहक ट्रकें खड़ी थी जो हड़ताल समाप्त होने की घोषणा के बाद मटेरियल लेकर आने लगी। रोजमर्रा की चीजों को लेकर अभी भी पूरी गति से वाहन नहीं आ पाई है। इसका असर एक-दो दिन और रहने की संभावना है।

#### हालात सामान्य

"ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल समाप्त हो गई है। हालात अब सामान्य हो गए हैं।खासकर पेट्रोल-डीजल को लेकर मारामारी की स्थिति थी वह अब दूर हो गई है। टैंकर स्टॉक लेकर पेट्रोल पंपों में पहुंच गए हैं। बाजार की हालत भी सामान्य हो गई है।
- **शलभ साहू,** आरटीओ अधिकारी

# कोरोना के 6 मरीज मिले जिसमें से पांच भिलाई के

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

कोरोना अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी पैर पसारने लगा है। बुधवार को कोरोना के छह नए मरीज मिले हैं। ये सभी मरीज आरटीपीसीआर टेस्ट में निकले हैं। हैरत की बात यह है कि इनमें से पांच मरीज शहरी भिलाई क्षेत्र के हैं। एक दिन पहले यानी मंगलवार को कोरोना के पांच नए मरीज मिले थे। इस तरह दो दिनों में ही को रो ना संक्रमितों की संख्या 11 पहुंच गई है। बढ़ते हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन द्वारा सोशल डिसटेंसी व मॉस्क को अनिवार्य रूप से शामिल नहीं किया गया है।



- एक दिन पहले ही मिले थे पांच नए मरीज

#### यहां मिले नए मरीज

बुधवार को मिले नए मरीज शहरी भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत कैंप दो, सेक्टर 11, घासीदासनगर, अर्जुन नगर, जवाहर नगर के हैं। एक मरीज पाटन क्षेत्र के झीट सीएचसी के अंतर्गत खुड़मुड़ी का है। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को 60 आरटीपीसीआर टेस्ट किए थे। जिसमें ये मरीज निकले हैं। एनटीजन टेस्ट 53 लोगों के किए हैं। इस तरह 114 टेस्ट एक दिन में हुए हैं।

#### एक्टिव मरीज बढ़कर हो गए 25

दुर्ग जिले में बुधवार को छह नए मरीज मिलने के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 25 तक पहुंच गई है। जबकि इस सीजन में अब तक 34 कोविड पॉजिटिव हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नए मरीजों को होम आइसोलेशन में भेज दिया है।

#### सबसे ज्यादा पांच महिलाएं संक्रमित

कोरोना टेस्ट में जो छह नए संक्रमित मिले हैं वे अलग-अलग आयु वर्ग के हैं। वहीं सबसे ज्यादा पांच महिलाएं कोरोना संक्रमित मिली हैं। केवल एक पुरूष कोरोना पॉजिटिव निकला है। जो पाटन क्षेत्र का है और उसकी आयु 59 की है। महिलाओं में एक 23 साल, एक 26 साल, एक 36 साल, एक 48 साल और एक 54 साल की है। संक्रमित महिलाओं को होम आइसोलेशन में भेजा गया है।

# गैंगस्टर को पकड़ने पुलिस ने बनाई टीम, ग्रुप पर भी शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

महादेव महार हत्या कांड का आरोपी और गैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। गैंगस्टर को पकड़ने के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमे बनाई है। इसके अलावा उसके ग्रुप के लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में तपन सरकार भिलाई-दुर्ग घूमते भी देखा गया था। तपन के केस पार्टनरों की भी पुलिस तलाश में जुट गई है। खुर्सीपार में मार्च 2023 में हुए शुभम राजपूत हत्याकांड में गैंगस्टर तपन सरकार का हाथ होने की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद उसके सिकोला भाठा के मकान में दबिश दिया था। जहां पुलिस ने मकान को खंगाला लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। मृतक शुभम तपन सरकार के लिए वसूली का काम करता था। पुलिस को गैंगस्टर तपन की जानकारी मिलने के बाद हरकत में आते हुए उसकी गिरफ्तारी को लेकर टीम जुटी हुई है।

- महादेव महार हत्या कांड का आरोपी है तपन



#### केस पार्टनर भी रडार में

गैंगस्टर तपन सरकार के केस पार्टनर भी अब पुलिस के रडार में आ गए है। पुलिस उनकी लिस्ट तैयार कर रही है। बहुत जल्द ही इनके खिलाफ बड़ा अभियान शुरु होने वाला है। तपन और उसके ग्रुप से जुड़े लोगों को संरक्षण दे रहा है। उन पर भी शिकंजा कसा जाना है। पुलिस के कमर कसने के बाद गैंगस्टर के सारे गुर्गे भागे भागे फिर रहें है लेकिन दुर्ग पुलिस इन अपराधियों को नहीं छोड़ने वाली है। इनके हर चाल पर पुलिस की नजर लगी हुई है। ये अपराधी कहां जा रहें है किससे मुलाकात कर रहें एक-एक हरकत पुलिस की नजर में कैद हो रहा है।

#### टीम बनाई गई है

"गैंगस्टर को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है। हर संभावित क्षेत्रों में पुलिस दबिश दे रही है। तपन से जुड़े लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है। जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। टीम में साइबर टीम अलग से काम कर रही है। जल्द बड़ी कार्रवाई किया जाएगा। - **अभिषेक झा,** एएसपी शहर

# नहाकर लौट रही वृद्धा को टैंकर ने ठोका, मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दशगात्र कार्यक्रम में तालाब से नहाकर कतार से लौट रही वृद्धा को टैंकर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। घटना में मौके पर वृद्धा की मौत हो गई। चालक मौके से फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर प्रदर्शन करते रहे मौके पर पहुची पुलिस की समझाइश के बाद मामाल सांत हो पाया। नंदिनी पुलिस ने बताया कि बुधवार की दोपहर ग्राम रवेली में सवाना बाई 70 वर्ष अपनी देवरानी के दशगात्र के नहावन कार्यक्रम में तालाब गई थी। इसमें गांव की कई महिलाएं शामिल थी। सभी महिलाएं कतार से नहाकर गांव लौट रही थी। इसमें सबसे आगे सवाना बाई थी। सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैंकर चालक ने सवाना बाई को चपेट में लिया। घटना के बाद अन्य महिलाएं बच गई नहीं तो बडा हदासा हो सकता था। टैंकर को देख सभी महिलाएं भागने लगी और तभी सवाना बाई चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही ग्रामीणों ने शव को रख सड़क जाम कर दिया। इसके कारण दुर्ग से धमधा मार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था बाधित रही। मौके पर नंदिनी पुलिस की टीम समेत पुलिस के अन्य अफसर पहुचे और समझाइश के बाद माहौल मामला शांत हो पाया। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरे में टैंकर व चालक की तलाश कर रही है।

- दशगात्र कार्यक्रम में कतार से आ रही थी

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

### भुगतान को लेकर संशय, नवम्बर और दिसंबर माह का नहीं हुआ

# भिलाई-चरोदा निगम कर्मियों को वेतन के लाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं मिलने से परेशानी से जूझ रहें है। अधिकारी और तृतीय श्रेणी कर्मियों को माह नवम्बर और दिसंबर का वेतन नहीं मिल पाया है। लंबित वेतन का भुगतान कब तक होगा इसे लेकर संशय बना हुआ है। कर्मियों के साथ एक बार फिर आर्थिक संकट से गुजर रहें है। वेतन मिलने का इंतजार करते निगम कर्मियों को दो माह बीत गया। गुरु घासीदास जयंती से पहले निगम के चतुर्थ श्रेणी और प्लेसमेंट कर्मियों को माह भर का वेतन दिया गया है। दो महीने से वेतन ता नसीब नहीं होने से अधिकारी और कर्मचारियों को परिवार के भरण पोषण में दिक्कत आ रही है। चरोदा नगर निगम में प्लेसमेंट कर्मचारियों को छोड़ कर नियमित अधिकारी व कर्मचारियों की संख्या 180 के लगभग है। इनकी प्रतिमाह वेतन भुगतान में 97 लाख रुपए की जरूरत पड़ती है। निगम में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की वसूली नहीं होने से खजाने पर नकारात्मक असर पड़ा है। किसी तरह चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों को किसी तरह वेतन का भुगतान किया गया है।

#### 40 पार्षदों का तक मानदेय नहीं मिला

बीते दो माह से नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों का तक मानदेय राशि नहीं मिल पाया है। 40 पार्षद को शासन की ओर से प्रतिमाह 15 हजार रुपए मानदेय दिए जाने का प्रावधान है। अधिक्तर पार्षद वार्ड अथवा नगर के सार्वजनिक आयोजनों में सहयोग देने में करते हैं। कभी कभार जरूरतमंदों की आर्थिक मदद करने में भी पार्षदों का योगदान रहता है। पार्षदों की राजनीति में चमक बरकरार रहती है। लेकिन पिछले दो महीने से मानदेय अटकने से पार्षदों को भी परेशानी हो रही है।

#### नहीं मिला दो माह का वेतन



"दुर्भाग्य है निगम कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं हो पाया है। यहां के अधिकारियों और राज्य शासन के अनदेखीपन के कारण ऐसी व्यवस्था बन रही है। नपा के समय सबसे धनी पालिका हुआ करता था लेकिन निगम बनने के बाद ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। यहां के अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से काम नहीं करने के कारण ऐसी दशा बनी हुई है।
- **राम अवतार साहू,** संयुक्त महामंत्री, प्रदेश कर्मचारी महासंघ

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### सीएम ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन करवाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संरक्षक योगेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सौरभ मिश्रा एवं प्रदेश सचिव भूपेन्द्र साहू उपस्थित रहे। आगामी फरवरी माह में मुख्यमंत्री के स्वागत सम्मान एवं कर्मचारियों के सम्मेलन कार्यक्रम में आमंत्रित किया। कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार किया।

### जूनियर अधिवक्ताओं को मिले स्टायफंड का लाभ



**दुर्ग।** जूनियर अधिवक्ताओं को उनके पंजीयन की तारीख से तीन से पांच वर्ष तक 5 हजार रूपये मासिक वित्तीय, मौद्रिक सहायता प्रदान करने की मांग अधिवक्ता कमल नयन चतुर्वेदी ने की है। इस संबंध में मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने कहा कि विधि के क्षेत्र में प्रेक्टिस हेतु आने वाले युवा जूनियर अधिवक्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वित्तीय, मौद्रिक सहायता की कमी के कारण अनेकों युवा जूनियर अधिवक्ता अपनी प्रारंभिक अवधि में ही इस पेशे में आगे बढ़ने के बजाय अन्य गतिविधियों में खुद को लिप्त कर लेते है। ऐसी परिस्थिति में यह अति आवश्यक है कि शासन के द्वारा युवा जूनियर अधिवक्ताओं को उनके पंजीयन की तारिख से 3 से 5 वर्ष तक न्यूनतम 5,000-00 रूपये स्टाइपंड प्रदान करने के लिए उचित व आवश्यक कार्यवाही हेतु शीघ्र पहल किया जावे।

## निधन

### राधेश्याम अग्रवाल

**दुर्ग।** कादंबरी नगर निवासी



अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष राधे श्याम अग्रवाल मंगल 88 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्ति धाम में किया गया । वे मनोज और सुनील अग्रवाल के पिता एवं आकाश ऋतिक एवं ऋषि अग्रवाल के दादा थे।

### नवीन दुबे

**दुर्ग।** शिक्षक नगर निवासी नवीन



दुबे का 59 वर्ष की आयु में 2 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे नवनीत दुबे के बड़े भाई और अभिषेक व आयुष तिवारी के मामा थे।

# अभिनंदन समारोह में जुटेंगे भाजपा के दिग्गज, बनेगी रणनीति

## संभाग बैठक में सभा की तैयारियों और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधानसभा में जीत के बाद उर्जा से भरे भाजपा द्वारा आगामी छः जनवरी को दुर्ग में संभाग स्तरीय अभिनंदन सामारोह आयोजन किए जाने की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आलावा प्रदेश स्तर के दिग्गज नेता और जिला प्रभारी मौजूद रहेगे। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन भी होगा।

बुधवार को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में संभाग बैठक आयोजित कर कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह की तैयारियों और अन्य मुद्दों पर संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी के मार्गदर्शन में चर्चा हुई। बताया कि आगामी 6 जनवरी शनिवार को दुर्ग में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह होगा, इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश सरकार के मंत्रियों का आगमन होगा। इस दिन संभाग की सभी 20 सीटों में संपन्न विधानसभा चुनाव की समीक्षा बैठक आहूत करनी है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक और जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने किया। आभार प्रदर्शन भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने किया।

### रविशंकर स्टेडियम में होंगे आयोजन

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के प्रथम आगमन की तैयारी को लेकर जिला भाजपा दुर्ग जिला संगठन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है, दुर्ग संगठन जिले के 5 में से 4 सीटों पर कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष की बदौलत भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर भूपेश सरकार के मंत्री स्तर के लोगों को हराया है। अवलोकन पश्चात जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में पंडित रविशंकर स्टेडियम को कार्यक्रम स्थल के लिए चयनित किया गया।



### नए मतदाता को जोड़ने बनेगा कार्यक्रम

इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधित करने के काम में तेजी लाने और राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व घर घर जनता से संपर्क के साथ 22 जनवरी का दिन हर्षोल्लास से मनाने की कार्ययोजना बनी। आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से सभी मोर्चों की विधानसभा स्तरीय सम्मेलन और नव मतदाता सम्मेलन करने का भी निर्देश दिया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा : राम के ननिहाल से बढ़-चढ़कर प्रदेशवासी दे रहे योगदान

# अयोध्या के लिए तीन सौ टन चावल रवाना, घर-घर दे रहे आमंत्रण कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी 22 जनवरी को आयोध्या के मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए दुर्ग जिले से 42 सौ टन चावल भेजने का टारगेट रखा गया है। जिसमें अब तक तीन सौ टन चावल राईस मिलरों के सहयोग से भेजा जा चुका है। अभी जिले के करीब चार लाख घर में डोर टू डोर मंदिर का चित्र और आयोध्या से आए पीला चावल देकर मंदिर आने का निमंत्रण दिया जा रहा हैं।

इस अभियान के लिए दुर्ग और भिलाई संगठन से कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि, आगामी बाईस जनवरी को आयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इसके लिए विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल सहित सनातनी इस अभियान में जूट गए है। जानकारी अनुसार दुर्ग नगर में तीस हजार निमंत्रण पत्रक बांटे जा चुके है। इस अभियान में जिन्हें योगदान देना है, वे वार्ड में इस अभियान के तहत बनाए गए संयोजक से संपर्क कर चावल आदि दे सकते है।

## आगामी 22 जनवरी को हर घर में ग्यारह दीए जलाने की अपील



### चरण पादुका का दुर्ग में स्वागत

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसके चलते श्रीलंका से श्री रामवन गमन के रास्ते होते हुए चरण पादुका को अयोध्या जाने पर दुर्ग शहर के पटेल चौक पर श्रीलंका से श्री रामवन गमन के रास्ते होते हुए अयोध्या जाने वाली यात्रा जिसमे श्रीराम के चरण पादुका को धेमप्रेमियो के दर्शन के साथ ही अयोध्या ले जाने आज नगर आगमन पर भव्य स्वागत फूल माला, भगवा गमछा एवं पटाखे के साथ किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ देवांगन जिला सह संयोजक खेमलाल सेन जिला सह संयोजक पिंटू जाल शहर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, नरसिंह सिंहा, नगर सह संयोजक नरसिंग सिन्हा, भिलाई नगर सह संयोजक रवि नाग, टोमन साहू, नितेश सिंहा, बिट्टू सिंहा, यश देवांगन, रोशन गुप्ता, कमलेश मालपुरे, रोहित टांडेकर, आयुष, जीतू साहू, रानू साहू, तुले साहू, सोनू साहू, किशन साहू आदि उपस्थित थे।

### दुर्ग से 11 टन, प्रदेशभर से भेजे 3 सौ टन

दुर्ग जिले से मिलरों द्वारा आयोध्या में ग्यारह टन चावल भेजे गए है। राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनित जैन ने बताया कि, डेढ ट्रक में चावल भेजा गया है। वहीं विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स द्वारा एकत्रित सुगंधित 300 मेट्रिक टन चावल भगवान राम के ननिहाल से अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। आगामी बाईस जनवरी को खास बनाने हर घर में करीब ग्यारह दीए जलाने की अपील की जा रही है, वही इस दिन घर को आकर्षक झालरों और लाइटों से सजाकर दीपावली की तरह पर्व मनाने की भी अपील हो रही है।

### होली पर्व के बाद जाएंगे राम से मिलने

भाजपा द्वारा आयोध्या में राम मंदिर के दर्शन कराने का वादा किया गया था। जिसके तहत ऐसी चर्चा हैं कि, होली पर्व के बाद लोगों को इसका लाभ मिल सकता है। हांलाकि अभी लोगों से अभियान में जुडने की अपील की जा रही है। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ता, विहिप, बजरंग दल और सनातनी संगठन इस कार्य में लगे हुए है। दुर्ग शहर के लिए जिला संयोजक पंचराम मारकंडे, सह संयोजक तोरण लाल सिन्हा, दुर्ग नगर संयोजक प्रमोद वाग, सह संयोजक सुनील वैष्णव व रामलोचन तिवारी है।

# छग अग्रवाल प्रांतीय सम्मेलन में होगें विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा पिछले पन्द्रह साल से अग्र अलंकरण सामारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस बार संगठन द्वारा आगामी तेरह और चौदह जनवरी को राजनांदगांव के अनंत पैलेश होटल में प्रदेशस्तरीय सम्मेलन किए जाने की तैयारी जोरो से की जा रही है।

■ अग्र अलंकरण समारोह में शामिल होगें समाजिकगण

इसके लिए विविध प्रतियोगी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में संगठन के प्रदेशस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सम्मेलन में भाग लेगे। संगठन के महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि, संगठन द्वारा अठारह तरह के विधा में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिसमें शिक्षा, खेलकूद, समाज सेवा, धर्मशाला, गौशाला जैसे क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वालों को अग्र अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने बताया कि, इसके आलावा निबंध प्रतियोगिता रखा गया है, जिसमें अधिक उम्र में विवाह के दुष्परिणाम और संतान उत्पत्ति में विरक्ति जैसे विषयों पर लेख प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके लिए अब तक ढाई सौ आवेदन भी आ चुके है। कार्यक्रम में अलग-अलग कार्यक्रम के लिए अठारह प्रायोजक बनाए गए है। राजनांदगांव में आतिथ्य सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल होगें। इस दौरान संगठन अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव मनोज अग्रवाल, संरक्षक महेन्द्र सेक्सरिया, प्रदेश राईस मिल के सचिव संजय गर्ग, पंकज अग्रवाल उपस्थित थे।

### समाजिक बिन्दुओं पर होगी चर्चा

आगामी 13 जनवरी को मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल मंत्री, अध्यक्षता प्रदीप मित्तल चेयरमैन अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, विशिष्ट अतिथि सुशील गुप्ता सांसद राज्यसभा एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, सियाराम अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा, अमर अग्रवाल विधायक, राजेश अग्रवाल विधायक, जयसिंह अग्रवाल पूर्व मंत्री होगें। दूसरे दिन मुख्य अतिथि पूर्व सीएम व राजनांदगांव विधायक रमन सिंह, सियाराम अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, संतोष पांडे सांसद, विजय बघेल सांसद दुर्ग, संपत अग्रवाल विधायक बसना होगें।

# नई दिल्ली के भारत मण्डपम में स्व सहायता समूह के उत्पादों का लगाया जाएगा स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

2024 भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके द्वारा बनाएं गए समूह उत्पाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु भारत

■ दिल्ली में 3 से 10 जनवरी तक आत्मनिर्भर उत्सव

सरकार द्वारा नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपम में 03 से से 10 जनवरी तक आत्मनिर्भर भारत उत्सव का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

इस उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर समस्त राज्यों के चिन्हांकित स्व सहायता समूहों एवं उनके उत्पादों को विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल प्रदान किया गया है। भारत सरकार के इस आयोजन से स्व सहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच तो मिला ही है साथ ही उनके उत्पादों के विक्रय से आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।




उक्त आयोजन में दुर्ग शहर नगर के डेएनयूएलएम कार्यक्रम अंतर्गत संचालित नन्नत दुर्गा बचत एवं साख मुस्कान स्व सहायता समूह को उनके उत्पादों सहित नई दिल्ली आमंत्रित कर स्टॉल प्रदान किया गया है। यह हमारे शहर एवं शहर में संचालित स्व सहायता समूहों एवं उसमें सक्रिय रूप से कार्यरत महिलाओं के लिए गौरवान्वित करने वाला है। समूह की महिलाओं द्वारा भारत सरकार एवं डेएनयूएलएम नगर पालिक निगम का उक्त आयोजन में भागीदारी प्रदान किये जाने हेतु धन्यवाद किया गया है। साथ ही ऐसे अवसरों से निकायों में कार्यरत स्व सहायता समूह के प्रतिभा को निखारने में मदद प्राप्त होती है।

### कन्या विवाह योजना के लिए आवेदन 25 तक

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-ग्रामीण द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 14 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य होना संभावित है। सामूहिक विवाह पूरे विधिविधान से सम्पन्न किया जायेगा। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत प्रति जोड़े हेतु कुल 50 हजार रूपये व्यय किये जाने का प्रावधान है। जिसमें 21 हजार रूपये वधु को चेक अथवा खाते में, 21 हजार रूपये विवाह भेंट सामग्री एवं शेष राशि विवाह आयोजन में व्यय किया जाना है। पात्रता हेतु वर 21 वर्ष व वधु 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। वर-वधु के निवास हेतु छग मूल निवासी प्रमाण-पत्र अथवा पार्षद द्वारा सत्यापित निवास प्रमाण-पत्र मान्य होगा। एक पालक की दो बालिकाएँ ही योजना हेतु पात्र होगी। इच्छुक आवेदक 25 जनवरी तक नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पांच बिल्डिंग परिसर कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# विवि के अधिकारियों ने किया 12 महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा 28 दिसंबर से जारी सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रथम सप्ताह व्यतीत हो जाने तक

■ नहीं मिला नकल का एक भी प्रकरण

विवि के अधिकारियों ने 12 महाविद्यालयों का निरीक्षण किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिदिन विवि के अधिकारी निरीक्षण कर रहे है। लगभग सभी परीक्षा केन्द्रों पर सेमेस्टर परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित मिली तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार दो समूहों में विभक्त अधिकारियों के



प्रथम समूह में डॉ. प्रशात श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, राजेन्द्र चौहान तथा सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी व द्वितीय समूह में क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. दिनेश नामदेव, वित्त अधिकारी, सुशील गजभिये, सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार शामिल थे। जिन महाविद्यालयों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया उनमें भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई, स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको भिलाई, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई, सेठ आर. सी. एस. कॉलेज, दुर्ग, घनष्याम आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग, शासकीय कमला देवी राठी महाविद्यालय, राजनांदगांव, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव, कांफ्लूएंस कॉलेज, राजनांदगांव, सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई, सांई महाविद्यालय, सेक्टर 06 भिलाई, देवसंस्कृति कॉलेज, खपरी, दुर्ग, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई शामिल है। कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने विवि में अधिकारियों की बैठक लेकर बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजन संबंधी निर्देश दिये ।

## विज्ञान केन्द्र अंजोरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी भारत सरकार द्वारा ऊर्जा, जल संरक्षण और कृषक को जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला 3 जनवरी 2024 को कृषि

■ किसानों को दी गई बुनियादी जानकारी

विज्ञान केन्द्र अंजोरा दुर्ग में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के लगभग 70 कृषक उपस्थित हुए। इन्हें फसल परिवर्तन, जल संरक्षण एवं ऊर्जा दक्ष पंप के बारे में जानकारी दिया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय शाक्य, निदेशक विस्तार शिक्षा, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्व विद्यालय दुर्ग ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण के बारे में अवगत कराते हुए नयी तकनीकों के साथ कृषि किये जाने हेतु किसानों को जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विकास खुणे कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व को बताते हुये बचत हेतु किसानों को फसल चक्र परिवर्तन, गर्मी में धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु कृषकों से आह्वान किया। डॉ. उमेश पटेल, मृदा विशेषज्ञ ने कृषि में जल मितव्ययता तथा विपरीत परिस्थिति में फसल नष्ट होने पर फसल बीमा कराने, टपक एवं स्प्रींकलर द्वारा सिंचाई के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित कृषकों को प्रदान की।



### उर्जा संरक्षण की दी गई जानकारी

क्रेडा विभाग के अधीक्षण अभियंता भानुप्रताप एवं जिला प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा ऊर्जा संरक्षण के विषय में वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व दिशा-निर्देशों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण के बारे में विभिन्न तरीकों, उपायों के बारे में बताया गया। सौर ऊर्जा चलित उपकरणों, कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### जल संरक्षण के लिए गया संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विषय विशेषज्ञ दिनेश सिन्हा (सोलेक्सी इको पॉवर), यतेश वर्मा (के.वाय. एनर्जी) एवं रौनक लुथरा (ऊर्जा टेक्नालॉजी) द्वारा ऊर्जा दक्ष पंपों में ऊर्जा बजत की जानकारी दिया गया, जिससे कृषकों द्वारा भविष्य में कृषि कार्य के लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग एवं फसल चक्र अपनाते हुए जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में क्रेडा से तारिका दामले (उप-अभियंता), डिहवारिन ऊईके (लेखा प्रभारी), हरीश श्रीवास्तव (उप-अभियंता), कु. यामिनी देवांगन एवं क्रेडा के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# आनंद सरोवर में किया गया पुण्यतिथि का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित ₹आनंद सरोवर₹ में ज़ोन के क्षेत्रिय निर्देशक एवं ब्रह्माकुमारीज़ के मीडिया विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश भाई एवं छत्तीसगढ़ की संचालिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अविराज चावला (वाइस चेयरमैन पर्सन सेमटेक युनिवर्सिटी भोपाल) संतोष रुंगटा चेयरमेन रुंगटा ग्रुप कॉलेज, भानु प्रताप सिंह (मुख्य वन संरक्षक रायपुर), इंजीनियर पीपी ताम्रकार, डॉ. रेखा गुप्ता (पूर्व सिविल सर्जन) जिला चिकित्सालय दुर्ग, प्रेमप्रकाश गुप्ता (पूर्व मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश) व सुषमा दुबे ने अपनी ओर से दोनों विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## खबर संक्षेप

### पुलगांव में लोक महोत्सव 13 से

**अंडा।** पुलगांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन 13 जनवरी से होने जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि इस वर्ष विशेष रूप से बांस गीत, राउत नाच एवं सुआ नृत्य का विशेष आकर्षण रहेगा। चार दिवसीय होने वाले लोक महोत्सव में मेला मंडई एवं रात्रिकालीन लोकरंग अर्जुंदा का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित रहेंगे।

### मृत शिक्षिका के परिवार से मिलने देऊरझाल पहुंचे सांसद विजय

**पाटन।** पतोरा के पास सड़क दुर्घटना में मृत शिक्षिका अम्बेश्वरी क्रुर्रे के शोकाकुल परिवार से मिलने दुर्ग सांसद विजय बघेल आज दोपहर 12 देऊरझाल पहुंचे। जहां उन्होंने अम्बेश्वरी क्रुर्रे के शोकाकुल परिवार पीलाराम क्रुर्रे, खिलेन्द्र क्रुर्रे से मुलाकात कर परिवार का ढाढ़स बांधा। सांसद विजय ने परिवार जनों को हर संभव मदद करने की बात कही।



## निधन

### रामकुमार शर्मा

**रायपुर।** धमधा विकासखंड के ग्राम अकोला निवासी पूर्व शिक्षक रामकुमार शर्मा (78 वर्ष) का दो जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अकोला ग्राम में किया गया। वे मोचन कुमार शर्मा के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।



## शौर्य संगठन के 14वें स्थापना दिवस पर हुए विविध आयोजन

# शौर्य संगठन ने मनाया स्थापना दिवस 1100 दीयों से की गई गंगा महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व बी एजुकेटेड मूवमेंट यूएसए से सम्बंधित शौर्य युवा संगठन कोड़िया ने अपना 14वां स्थापना दिवस मनाया। शौर्य संगठन के मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह स्वच्छता अभियान, शाम को 1100 दीयों की गंगा महाआरती की गई एवं छग की 6 सगी बहनों की एकता बालिका मानस सिन्हा परिवार द्वारा रात्रिकालीन मानस एवं भजन के माध्यम से संगठन का वर्षगांठ मनाया गया।

इस अवसर पर संगठन द्वारा सत्र 2022-23 में समाज के लिए 6 क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों को शौर्य ग्राम गौरव सम्मान का तीसरा संस्करण भी आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता व स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व कुरीति उन्मूलन, शिक्षा, खेल व व्यायाम, सांस्कृतिक व कला एवं सोशल मीडिया व अन्य विशेष उपलब्धि के क्षेत्र शामिल थे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि एनवाईके दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, दुर्ग जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी, आशीर्वाद ब्लड बैंक डायरेक्टर विकास जायसवाल, कोडिया हाई स्कूल पूर्व प्राचार्य अनिल गुप्ता, निर्मल फ्यूल्स हनोदा संचालक के रविकिरण, समाजसेवी प्रेमचंद सोनबेर, सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, जेपी दीपक, उमेश साहू, मलेश निषाद, गोवर्धन दीपक, खुमान सिंह भारद्वाज, दिनेश दीपक, सीएल चंद्राकर, मोहन निषाद सहित ग्रामीण गणमान्य विशेष रुप से उपस्थित थे।

### शौर्य संगठन उत्कृष्ट कार्य कर रही है: ताम्रध्वज साहू



### युवाओं को दिखा रही है सही दिशा

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने संगठन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शौर्य संगठन सकारात्मक सोच एवं उद्देश्य के साथ बेहतर कार्य कर रही है। आधुनिकता एवं पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावशील दौर में भी वे युवाओं के साथ पूरे समाज को सही दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। कृषि सभापति राकेश हिरवानी, जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, समाज सेवी विकास जायसवाल सहित सभी अतिथियों ने संगठन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### संगठन को मिल चुके हैं कई पुरस्कार

शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन के 13 सालों के प्रमुख कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शौर्य संगठन शुरुआत से ही समाज के अंतिम वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। ग्रामीणों व अन्य सहयोगियों के मार्गदर्शन से शिक्षा व रोजगार क्षेत्र पर केंद्रित होकर समाज के अन्य क्षेत्रों पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, संस्कृति व खेल सहित सभी क्षेत्रों पर कार्य कर रहे हैं। इन कार्यों के कारण दो बार राज्यपाल से सम्मान सहित चार बार राज्यस्तरीय पुरस्कार व राज्य का सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल का सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। इसके साथ विभिन्न संगठनों, संस्थाओं एवं विभागों के माध्यम से अनेक सम्मान मिला है। अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने संगठन की उपलब्धियों के लिए संगठन के सदस्यों के साथ सभी ग्रामीणों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम का संचालन शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में रवि साहू, जितेंद्र दीपक, पंकज दीपक, यादवेंद्र साहू, नेमचंद साहू, दीपक यादव, चिरंजीव निषाद, आरती निषाद, ममता साहू, लक्ष्मी निषाद, अंजू साहू, जामिन यादव, सिद्धी साहू, हेमलता साहू, मोना निषाद, मणिराम साहू, आनंद, कुसुम निषाद, तोपेन्द्र साहू, ईशु साहू, खिलेंद्र पटेल, संजय साहू, गंगाधर यादव, राजेश साहू सहित दानेश, गायत्री परिवार कोड़िया, बाल संस्कार शाला के बच्चों व शौर्य युवा संगठन के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महिलाओं ने अक्षत कलश लेकर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

- हनोदा में निकली भगवान राम की धुन के साथ कलश यात्रा

ग्राम हनोदा में प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या से आए अक्षत कलश का भ्रमण कराने शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही अक्षत कलश को वितरण करने हनोदा को मुख्य केन्द्र बनाया गया था जहाँ से आस पास के 14 गांवों में कलश वितरण किया गया। जिसमें धनोरा, खम्हरिया, भानपुरी, चंदखुरी, पिसेगांव, कोलिहापुरी, कोनारी, भरदा एवं अन्य गांव शामिल थे। शोभायात्रा के दौरान गांव की महिलाओं व युवतियों ने अपने सिर में कलश धारण किया तो युवाओं द्वारा जस गीत, राम भक्ति गीतों के माध्यम से 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रस में उपस्थित होने निमंत्रण दिया गया। ग्राम में जगह जगह महिलाओं द्वारा आरती पूजन कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा ग्राम के गायत्री मंदिर प्रांगण से संहाड़ा देव, शिव मंदिर,मुख्य चौक से शीलता मंदिर होते हुए वापस गायत्री मंदिर में पहुंची।

जिसमें ग्राम के गायत्री परिवार एवं अन्य धार्मिक संगठन के सदस्य सहित सरपंच तेजराम चंदेल, देवी प्रसाद साहू, राजेश साहू, दानु यादव, लीलाधर साहू, दौलत यादव, दिनेश पटेल, त्रिलोकी, अमित एवं ग्राम की महिलाएं,युवक,युवती व बच्चे शामिल हुए।

### शिव की भक्ति से प्राप्त होती है सुख शांति: पं राजेश

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में चल रहे शिव महापुराण कथा के छठवें दिन कथावाचक पं राजेश शर्मा ने कहा कि भगवान शिव की शक्ति, महिमा और दयालुता की बहुत सी कहानियाँ प्रचलित हैं। कंठ में हलाहल होने के कारण अन्दर से विकल किन्तु समस्त जगत को सुख-शान्ति प्रदान करने वाले है भोले अति सूक्ष्म तथा विकट कारणों का भी निवारण कर देते हैं। प्रेम एवं विश्वास का फल शिव देते है और वे सभी का कल्याण करते है। कथा में रिखीराम, पूर्णिमा, सुरेश, पवन, प्रहलाद, ध्रुव कुमार, सुरेन्द्र, नरेन्द्र, बिरेन्द्र, जितेन्द्र नीतू बंछोर, मुस्कान बंछोर आर्यन बंछोर, कुनाल बन्छोर श्रुति बंछोर, साक्षी बंछोर, निखिल बंछोर, कामेश्वर प्रसाद, हिरेन्द्र कुमार, चारु, शैल, ऋतू, ऋषभ, प्रीति, माही, धानी, कान्हा, अर्जुन सिंह बंछोर, लक्ष्मी बंछोर, राजेन्द्र बंछोर, प्रीतिबाला बंछोर, मनोज बंछोर, ममता बंछोर, अशोक बंछोर, संध्या बंछोर, सुधा बिजौरा आदि उपस्थित थे।

### चुनकट्टा में टेनिस बाल प्रतियोगिता 13 से

**सेलूद।** न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब चुनकट्टा व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चुनकट्टा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट का महासंग्राम 2024 का आयोजन 13 जनवरी से किया जा रहा है। टूर्नामेंट के संचालक सदस्य बसंत कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार रु नगद व वीनर ट्रॉफी द्वितीय पुरुस्कार 7001 रु व रनर अप ट्रॉफी, तृतीय पुरुस्कार 5001 रु व चतुर्थ पुरुस्कार 3001 रु व रनर अप ट्रॉफी दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य विशेष पुरस्कार भी रखे गए है। आयोजन के लिए समिति के सदस्य कुलदीप यादव, बसंत साहू, नरसिंह साहू, मिथलेश बंजारे, अमित ज्वाय, जागीर ठाकुर, बिरेन्द्र द्वारा आयोजन के लिए मैदान को संवारने में लगे हुए हैं ।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानीन को किया सम्मानित



**उतई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा व मितानिन दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर बुधवार को ग्राम खोपली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानीन को सम्मानित किया एवं मोदी की गारंटी की विभिन्न योजनाओं व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत हितग्रहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन व प्रमाण पत्र वितरण कर उनको शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, सरपंच मंजू वर्मा, महिला मोर्चा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर, रुपेश पारख, शुभम वर्मा, राजू साहू, योगेश पटेल, जनपद सदस्य डोमन भारती, सुरेश यादव, मनीष साहू, रमेश वर्मा, तुषार वर्मा, सुमन साहू, डोमन लाल चतुर्वेदी, लक्ष्मी बंजारे, पुष्पा साहू, इंद बाई, बिन्दा बाई सहित आदि उपस्थित थे।

# सरकारी योजनाओं का ग्रामीणों को मिला लाभ स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की गईं दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

- केंद्र सरकार की योजनाओं की लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे : सांसद विजय



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन ग्राम लोहरसी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत जिला पंचायत सदस्य दुर्ग हर्षा लोकमणी चंद्राकर तथा ग्राम वासियों ने किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का शिविर लगाकर आयुष्मान भारत कार्ड, दीनदयाल अंत्योदय, ग्रामीण आजीविका मिशन, पी एम आवास योजना, उज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन सहित केन्द्र सरकार की योजनाओं को शिविर लगाकर अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने लगाया गया है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहें। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया जिसमें सिकलीन, बीपी, शुगर एवं अन्य बिमारियों की जांच कर दवाईयां दी गई साथ ही बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर, राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि, प्रकाश चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, रमेश शर्मा, हरिराम चंद्राकर, कवल चंद्राकर, अरुण, नरेंद, गणेश, रेखराम, गोकुल, राकेश साहू, लालजी साहू, सरपंच योगेश चंद्राकर, सरपंच इंदु निर्मलकर, उपसरपंच विवेक चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### सावित्रीबाई फुले जयंती पर भारती विश्वविद्यालय में आयोजन



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में बुधवार को सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजन किए गए। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा सावित्रीबाई फुले के समाज के लिए किए गए योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले को आधुनिक भारत में एक ऐसी महिला के रूप में भी श्रेय दिया जाता है जिन्होंने ऐसे समय में जब महिलाओं के हौसलों को दबाया जा रहा था और वे उप-मानव के अस्तित्व में जी रही थीं। तब फुले ने स्वयं की आवाज को बुलंद किया और महिला अधिकारों के लिये संघर्ष किया। वर्ष 1852 में उन्होंने दलित बालिकाओं के लिये एक विद्यालय की स्थापना की, जो अभूतपूर्व पहल थी। उन्होंने कन्या शिशु हत्या को रोकने के लिये प्रभावी पहल की थी, इसके लिये उन्होंने न सिर्फ अभियान चलाया बल्कि नवजात कन्या शिशुओं के लिये आश्रम भी खोले ताकि उनकी रक्षा की जा सके। तत्पश्चात निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 'सावित्रीबाई फुले का महिला सशक्तिकरण में योगदान' उक्त विषय पर किया गया जिसमें समस्त संकाय के विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। अपनी निबंध लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को महान समाज सुधारकों से जोड़ना एवं उनके हृदय में समाज सेवा एवं देशभक्ति की अलख जगाना था। इस आयोजन में डॉ. अंशुदीप खलखो का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

### शैलदेवी महाविद्यालय में हुआ एलुमिनी मीट का आयोजन



**भिलाई।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के महाविद्यालय में अध्ययन किए भूतपूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह एलुमिनी मीट 2023 -24 'मिलाप' का आयोजन हुआ। एलुमिनी मीट कार्यक्रम भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए वर्षों बाद मेल-मिलाप के लिए एक आदर्श मंच उपलब्ध कराता है और यह उनके लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र भी होता है। एलुमिनी मीट में जहां पुराने मित्रों से मिलना, अपनी पुरानी यादों को ताजा करना, एक दूसरे का हाल-चाल पूछना, इन सबका अलग ही आनंद है। एल्यूमिनी मीट उस समय और महत्वपूर्ण हो जाता है जब इसके पीछे एक सार्थक संकल्प जुड़ जाता है ऐसे में इस मुलाकात में कई रंग भर जाते हैं। इसी संदर्भ में लगभग 100 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थियों का आगमन महाविद्यालय में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष राजन दुबे, संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय, प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा सहित अनेक सहा. प्राध्यापक गोविंद भवन में उपस्थित हुए। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने-अपने अनुभव और स्मृतियों को एक दूसरे के साथ साझा करते हुए अपने सार्थक विचार प्रकट किए। इसमें प्रश्नोत्तरी आदि अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुए। कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान अध्यक्ष महोदय द्वारा पूर्व छात्र संगठन का गठन किया गया जिनके पदाधिकारी क्रमशः संयोजक जीतेश मिश्रा, अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, सचिव कुलदीप साहू, सहसचिव लोकेश्वर देवांगन, कोषाध्यक्ष पूजा चन्द्राकर, कार्यकारी सदस्य रुपेन्द्र वर्मा, मनीषा साहू, रेणुका कुमारी साहू, डुमेश कुमार साहू, मीनाक्षी चन्द्राकर, गोविन्द देशमुख का चयन किया गया।

### बीएम कॉलेज में छात्रों को बैंकिंग के प्रति किया जागरूक



**भिलाई।** बीएम कॉलेज कोलिहापुरी, दुर्ग एवं बैंक ऑफ़ बड़ोदा गंजपारा दुर्ग शाखा के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में बैंकिंग एवं इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र पान एवं सहायक प्रबंधक अवधेश सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसर एजुकेशन लोन, बचत खाता एवं बैंकिंग फ्रॉड इत्यादि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई एवं छात्रों के बैंकिंग संबंधी प्रश्नों का समाधान भी बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

# भगवान श्री राम के चरण पादुका दर्शन कार्यक्रम में सांसद विजय हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संगठनों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समूह द्वारा दशहरा मैदान रिसाली में आगमन व चरण पादुका दर्शन सुदर्शन राष्ट्र निर्माण संगठन की ओर से राम राज्य युवा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विजय बघेल दुर्ग लोकसभा सांसद, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय, विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। यात्रा 15 दिसंबर को श्री लंका के अशोक वाटिका से शुरू होकर 19 फरवरी को अयोध्या पहुंच रही है। अयोध्या में 24 जनवरी तक यात्रा से जुड़े अनुभूतियों और चित्रों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व प्रदोष सुरेश चौहान कर रहे हैं। यात्रा का मार्गदर्शन रामायण सर्किट के अध्यक्ष डॉ. राम अवतार शर्मा कर रहे जो इस मार्ग पर पूर्व में ही 18 बार यात्रा कर चुके हैं। वहीं यात्रा में शामिल होने वाली विभुतियां आचार्य जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, आचार्य सभा के महासचिव व परमात्मा नंद सरस्वती महाराज, बागेश्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री, कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर इनके अलावा कई और साधु संत कथावाचक यात्रा के दौरान श्री राम के जीवन से जुड़े तमाम अनछुए पहलुओं को भी प्रकाश में लाने की कोशिश कर रहे हैं। यह यात्रा कई मायनों में इतिहास बनाएंगी 44 दिन में 10 हजार किलोमीटर के मार्ग में 8 राज्य कई नगरों व गांव से गुजरेगी। विभाग संयोजक हरिकथा निर्माण योजना आशुतोष प्रचारक विवेकानंद, दुर्गा सिंह सेंगर छग यात्रा संयोजक रामभक्त अत्यधिक संख्या में उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक Q रा.नि.2023, रिसाली दिनांक 03/01/2024

प्रति, आवेदक/आवेदिका कनक सिन्हा/अवधेश कुमार सिन्हा सीमावर्ती भूमिस्वामी 1. अन्जना श्रीवास्तव

विषय :- सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत।

ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 216/14 रकबा 0.020 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 655 वाचक/ना.तह. 2022/दुर्ग, दिनांक 28/12/2023 के परिपालन में दिनांक 05/01/2024 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अत: दस्तावेज रजिस्ट्री बयनामा लेआऊट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रिसाली
तह. व जिला-दुर्ग

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक 102B/2022
प्रो.क्र. 187/23, पेशी दि. 20/02/2024

न्यायालय - (संतोष ठाकुर) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक लोकनाथ बनाम

अनावेदक 1.रूखमणी बाई पति जीवन लाल/ पता ग्राम पेण्ड्रीतराई पोस्ट सेमरिया तह. धमधा जिला-दुर्ग (छ.ग.) 2. राजकुमारी पति लखनलाल जोशी पता ग्राम पेण्ड्रीतराई पोस्ट सेमरिया तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते वसुली बाबत किमती 9,65000 अक्षरी नौ लाख पैसठ हजार का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20 माह 02 सन् 2024 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगें तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनांक 22/12/2023 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(संतोष ठाकुर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वर्ग-01, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ0ग0).**

रा.प्र.क./202309104000281/अ-6/2022-23
मौजाः सगनी //ईश्तहार// प.ह.नं.: 01

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुनील कुमार खिचरिया पिता रामानंद खिचरिया, साकिन नरसिंग विहार, कातुलबोर्ड दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा संहिता की धारा 109-110 के अंतर्गत आवेदन किया है कि मौजा सगनी, प.ह.न. 01 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील अहिवारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 478/2 478/3, 478/4, 478/5, 478/6, 478/7, 478/8, 478/9, 482/1, 482/2 रकबा क्रमशः 0.15, 0.15, 0.15, 0.15, 0.15, 0.15, 0.15, 0.15, 0.30, 0.04 है. कुल खसरा संख्या 10 रकबा 1.54 है. की भूमि भूधारक / विक्रेता योगेन्द्र कुमार सोनी पिता राम कुमार सोनी निवासी करंजा भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 4859 दिनांक 22.09.2023 को क्रय किया गया है। जिसके आधार पर उपरोक्त वादभूनि पर अपना नाम दर्ज करवाने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया गया है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियों/ दावा रखने वाला व्यक्ति / संस्था, स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10.01.2024 को स्थान तहसील कार्यालय अहिवारा में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक 10.01.2024
जारी दिनांक: 22.12.2023

तहसीलदार
अहिवारा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णुदेव साय 6 को आएंगे दुर्ग

**भिलाई।** दुर्ग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की तैयारी शुरू हो गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के अनुसार आगामी 6 जनवरी को दुर्ग में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश सरकार के मंत्रियों का आगमन होगा, जिसके लिए तैयारी शुरू हो गई है।

### पद्मनाभनपुर क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

**भिलाई।** गोविंद चौहान स्मृति में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी कल्याण कॉलेज ग्राउंड भिलाई में किया जा रहा है। वहीं बुधवार को भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन सत्या एवं गीता डेवलपर्स भिलाई सीता राइस मिल दुर्ग के बीच खेल गए फाइनल मैच में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब एवं गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें पदमनाभनपुर क्रिकेट क्लब ने यह मैच 130 रनों से जीता। बल्लेबाजी पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब 304 रन पर आउट हो गए। बल्लेबाजी गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी 174 रन पर आउट हो गए।

### 56 पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन भेजा

**भिलाई।** एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने बुधवार को अचानक एक्शन मोड़ आते हुए शहर के पेट्रोलिंग में तैनात पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से विभिन्न थानों से पुलिस लाइन में भेज दिया है। आदेश से पुलिस महकमे हड़कंप मचा हुआ है। थानों के पेट्रोलिंग में तैनात सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक,एवं आरक्षकों पर गाज गिरी है। बताया जाता है कि लगभग 56 अधिकारी एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से विभिन्न थानों से पुलिस लाइन भेजा गया है। इसमे अनेक चर्चित चेहरे जो थाना कि पेट्रोलिंग व थाना का दायित्व संभाल रहे थे । ऐसे सभी बहुचर्चित चेहरों को थाने से पुलिस लाइन के लिए थाना प्रभारी ने रवानगी दे दी है।

### अकीदतमंदों ने की चादर मुबारक की जियारत



**भिलाई।** नए साल के मौके पर खानकाह हजरत दाता बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि में अकीदतमंद जुटे। नंदिनी एयरोड्रम के पास ग्राम बीरेभाठ में खानकाह में इस दौरान शिजरा ख्वानी और फातिहा ख्वानी हुई। बाबा भोला शाह की मजार-ए-अकदस उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सलेमपुर स्टेशन से 5 किलोमीटर की दूरी पर कस्बा मझौली राज में छोटी गंडक नदी के किनारे है। यहां हर साल 8 जनवरी से उर्स होता है। जिसमें देश भर से जायरीन पहुंचते हैं। इस उर्स पाक के लिए भिलाई खानकाह से चादर शरीफ भेजी जा रही है। जिसकी जियारत यहां खानकाह में मौजूद लोगों को करवाई गई। भिलाई से यह चादर शरीफ 5 जनवरी को यहां से जायरीन लेकर रवाना होंगे।

# हाफ रहा आधी सदी पुराना भिलाई संयंत्र एक्सपांशन की संजीवनी से करेगा सर्वाइव

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई



सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र की फीकी पड़ती चमक को नए साल में फिर से चकाचौंध करने किए जाने की उम्मीद है। औद्योगिक तीर्थ के फौलादी विकास और संस्कृतिक के आधार लंबित एक्सपांशन प्रोजेक्ट को अब देश में डबल इंजिन सरकार होने से भिलाइयंस को हरी झंडी मिलने की नई आशा बंधी है। करोड़ों के इस प्रोजेक्ट पर बीएसपी के साथ पूरे सेल का भविष्य निर्भर है।

उल्लेखनीय है कि आधी सदी तक रोजगार और सर्वांगीण विकास के पर्याय बने रहे एशिया और सेल के सबसे बड़े एकीकृत सार्वजनिक उपक्रम बीएसपी का लंबित एक्सपांशन प्रोजेक्ट ( विस्तारीकरण व आधुनिकीकरण) सेकंड फेस एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। बीएसपी सहित सेल का मील का पत्थर बनने वाले इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के अब तक शुरु नहीं होने से बीएसपी सहित सेल प्रबंधन सहित केंद्र सरकार के लिए ज्वलंत सवाल के साथ चिंता का विषय भी बना हुआ है। यनियनों और अधिकारी संगठनों को अब छत्तीसगढ़ और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकारऔर सामने लोकसभा चुनाव होने से प्रोजेक्ट के जल्द शुरु होने की उम्मीद है। यूनियनों के मुताबिक 4 साल लेट चल रहे एक्सपांशन प्रोजेक्ट के जल्द शुरु नहीं होने से चौतरफा दूरगामी दुष्परिणाम होंगे और अविलंब प्रारंभ होने से लोकल व ग्लोबल मार्केट में सेल की चमक बढ़ने के साथ प्रदेश व देश के विकास को गति मिलेगी। बीएसपी के 60 साल पुराने होने के चलते चौतरफा समस्याओं को देखते हुए भारत सरकार व इस्पात मंत्रालय ने 2020 में कंपलीट फर्स्ट फेस के बाद प्रोजेक्ट के सेंकड फेस को शुरु करना अनिवार्य बताया था। क्योंकि बीएसपी के वर्तमान उत्पादन क्षमता 7.52 मिलियन टन को 10 मिलियन टन और सेल के वर्तमान उत्पादन 18 मिलियन टन को वर्ष 2030 तक 30 मिलियन टन करने का लक्ष्य है। बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत 1 हजार करोड़ की लागत से रेल स्ट्रक्टर मिल का आधुनिकीकरण होना है। क्योंकि अब 13 मीटर रेल पांत की मांग खत्म हो चुकी है। इसी तरह 3 एमएल क्षमता का नया ब्लास्ट फर्नेस, 10 एमएल टन का कोकओवंस और नया बैटरी क्रमांक 12 का निर्माण होना है। कोयला रखने के लिए भव्य सायला के साथ नया एसएमएस सहित आधा दर्जन नई मिलें बनना है। लेकिन सेकंड फेस के प्रोजेक्ट शुरु होने की अतिलेटलीतीफी से दल्ली से लेकर दिल्ली तक चुनौती के साथ चिंता भी पसरी हुई है।

### विलंब से चौतरफा नुकसान का अंदेशा

गौरतलब हो कि साढ़े 17 हजार करोड़ का 2007 में इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में शुरु हुआ एक्सपांशन प्रोजेक्ट फर्स्ट अतिविलंब के पीएमओ के दखल के बाद 2020 में पूर्ण हो सका था। इससे जहां लागत वृद्धि सहित उत्पादन लक्ष्य व वर्कर्स की सुविधाएं प्रभावित हुई वहीं प्लांट का आधा आधुनिकीकरण भी होने से उत्पादन बढ़ा। लेकिन अब प्रोजेक्ट के सेकंड फेस में विलंब से कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं वहीं आगे चौतरफा नुकसान का भी अंदेशा बना हुआ है। यूनियनो के मुताबिक भिलाई संयंत्र आधा 50 साल पुराना होने से कई मिलों व शांप का स्ट्रक्चर, मशीनें आदि पुरानी होने से उत्पादन के दबाव व कम मेनपावर के चलते दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। पिछले दिनों कोकओवंस व कोक शंटिंग प्लांट की जर्जर गैलरी ढह गई थी। बाद राजहरा माइंस की गैलरी गिरी। फिर एसपी टू की गैलरी और कोकओवंस की गैलरी गिरी। आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं वहीं हादसों में ठेका मजदूरो व कर्मी घायल तथा मौत के मुंह में भी जा रहे हैं। विलंब से प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने के साथ सेल उत्पादन लक्ष्य प्रभावित होने से लोकल व ग्लोबल मार्केट में सेल पर निजी कंपनियों का दबदबा बढ़ जाएगा। विलंब से सबसे बड़ा नुकसान निरंतर कम हो रहे वर्कर्स की सुविधाओं पर पड़ने के साथ जोखिमपूर्ण वर्कलोड वृद्धि के साथ निजीकरण का शिकंजा भी कसता जाएगा। वहीं विकसित भिलाई के दल्लीराजहरा व नंदिनी की तरह भिलाई के भी उजड़ने का अंदेशा भिलाइयंस को सता रहा है। स्थानीय उद्योगों की भी बदहाली बढ़ जाएगी। इसकी वजह बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट के साथ भिलाई की धड़कन दल्लीराजहरा माइंस के खाली होने के बाद भी सरकार द्वारा रावघाट माइंस से भिलाई के लिए आयरन ओर की ढुलाई व आगे ताड़ोकी के आगे रेलवे लाइन के लिए पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं देना है।

### भिलाई का है सुनहरा अतीत

सेल के ध्वजवाहक बीएसपी का 50 साल का सुनहरा अतीत है। बीएसपीकर्मियों को अब अपने संयंत्र के एक्सपांशन प्रोजेक्ट के जल्द शुरु होने की उम्मीद के साथ संयंत्र का भविष्य भी गौरवशाली होने की उम्मीद है। अधिकारियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक प्रोजेक्ट के शुरु होने से सेल के उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और चौतरपा तस्वीर बदलेगी। इससे 50 साल पुराने प्लांट के आगे 50 वर्ष तक और सर्वाइव करने में भी सहायता मिलेगी। रोजगार के साथ विकास को गति मिलेगी। पिछले 50 साल के दौरान 60 हजार से 25 हजार मेनपावर वाले बीएसपी के चलते यह देश की बैकबोन होने के साथ भिलाई की फौलादी संस्कृति की दुनियाभर में चर्चा रही। 1 लाख से 3 लाख वेतन होने के साथ तमाम सुविधाएं वर्कर्स को मिलीं स्थानीय उद्योगों के पल्लवित होने के साथ शहर की कला, साहित्य संस्कृतिक, खेल, शिक्षा आदि चौतरफा विकास का गौरवशाली इतिहास है। यूनियनों के मुताबिक केंद्र के साथ अब प्रदेश में भी एक ही पार्टी की सरकार होने से प्रोजेक्ट को जल्द हरी झंडी की उम्मीद है।

### हर वर्ग को मिलेगा लाभ



“ बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट को जल्द शुरु किए जाने की जरुरत है। सेफी ने उत्पादन लक्ष्य को अचीव करने, इस ओर उच्च प्रबंधन का ध्यानाकर्षित भी किया है। प्रोजेक्ट के जल्द शुरु हो जाने से इसका लाभ बीएसपी, सेल व वर्कर्स, को मिलेगा।

**एनके बंछोर**, अध्यक्ष, ओए व सेफी

### विलंब से चौतरफा होगा नुकसान



“ बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट टू में विलंब होने से सेल के उत्पादन लक्ष्य सहित कई तरह की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। पचास साल पुराने हो चुके प्लांट का आधुनिकीकरण जल्द होने से यह आने वाले 50 साल तक सर्वाइव कर सकता है। इसे देखते हुए सरकार को जल्द इस प्रोजेक्ट को शुरु किआ जाने की जरुरत है।

**संजय साहू**, अध्यक्ष स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक

# सरकार बनने के बाद 126 परिवारों को बांटे गए प्रधानमंत्री आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर निगम भिलाई क्षेत्र के छावनी में आयोजित शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के 126 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर निर्मित मकानों का आबंटन किया गया। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 10 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में शिविर स्थल पर उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये थे उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था।

■ मंगल बाजार छावनी में लॉटरी से हुआ मकान का आवंटन

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) किफायती आवास ''मोर मकान-मोर आस'' घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृत विभिन्न परियोजना स्थल अविनाश मेट्रोपॉलिश, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड, स्वपनिल बिल्डर्स कुरूद में निर्मित मकानों में 126 मकानों का आबंटन बुधवार विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर स्थल मंगल बाजार छावनी शहीद चुम्मन वार्ड 40 में लॉटरी निकालकर किया गया। जिसमें वरिष्ठ एवं दिव्यांग के रूप में 14 हितग्राही को भूतल पर प्राथमिकता के आधार पर लॉटरी से मकान आवंटित किया गया। पार्षद वीणा चंद्राकर एवं गिरिजा बंछोर ने लॉटरी में शामिल होने वाले हितग्राहियों का स्वागत कर मकान मिलने पर उन्हें नये मकान के लिए शुभकामनाएं दी।

आवास आवंटन के दौरान अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, कार्यपालन अभियंता बीके वर्मा, अजय गौर, योजना विभाग के प्रभारी विद्याधर देवांगन, दीपक देवांगन अजय शुक्ला, जीवन ताम्रकार, आदित्य, उत्पल शर्मा सहित आवास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधायक देवेंद्र ने विभिन्न वार्डवासियों का जताया आभार

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बारी-बारी से अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से मिल रहे हैं। हर वार्ड में



जाकर बारी-बारी से अपने मतदाताओं के बीच पहुंच रहे है। सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवा को विधायक देवेंद्र यादव वार्ड 38, वार्ड 49, वार्ड 47, वार्ड 48, वार्ड 42 गौतम नगर, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण वार्ड, वार्ड 43 बापू नगर गार्डन में पहुंचे। खुर्सीपार क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करने के बाद सेक्टर एरिया के वार्डों में भी गए। सेक्टर 2, वार्ड 52 सेक्टर 4, वार्ड 58 सेक्टर 4, सेक्टर 8, सेक्टर 6 के तीनों वार्ड वार्ड 61,62, 63 और हुडकों व सेक्टर 7 भी गए। जहां वार्ड के नागरिकों के घर-घर जाकर विधायक लोगों से मिले। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोगों ने मुझे पर जो विश्वास जताया है। दोबारा आप सभी मुझे जनता की सेवा करने का जो सौभाग्य प्रदान किया है।

## छत्तीसगढ़ में लोकसभा की सभी 11 सीटों पर चुनाव जीतने लक्ष्य लेकर काम करेंगे: वोरा

**भिलाई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। वोरा ने कहा कि कुछ महीनों बाद ही लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कमर कसना होगा। 2024 में नगरीय निकाय चुनाव भी होंगे और उसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। इन सभी चुनावों में कांग्रेस की जीत के लिए कांग्रेस की सक्रियता से पार्टी की जीत का रास्ता निकलेगा। संगठन को मजबूत बनाकर एकजुट होकर पूरे देश में कांग्रेस की प्रचंड जीत के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर काम करना होगा। वोरा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन मजबूत है। केवल कार्यकर्ताओं को एक्टिव करने और उचित मार्गदर्शन देने की जरूरत है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर छत्तीसगढ़ राज्य की जनता के हितों के लिए सकारात्मक भूमिका निभाना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती और लोकसभा में जीत के लक्ष्य के साथ काम करना है।

# राष्ट्रीय सायकिल पोलो चैंपियनशिप का सांसद विजय ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई में बहुप्रतीक्षित भिलाई स्टील प्लांट सायकिल पोलो क्लब एवं छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 वीं पुरूष और 13 वीं महिला राष्ट्रीय सायकिल पोलो चैंपियनशिप का सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में एवं भिलाई स्टील प्लांट ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर के अध्यक्षता में आरंभ हुआ। सांसद विजय बघेल एवं नरेंद्र बंछोर ने सर्व प्रथम तिरंगा फहराया साँसद विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को पिछले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाले खेल पुरस्कार राशि के न मिलने पर खेद जताया। भाजपा सरकार पहले की तरह सभी खिलाड़ियों को ससम्मान सम्मान निधि दिलायेगी व खिलाड़ियों के खेल को बेहतर करने सभी प्रकार की सुविधाओं की पूर्ति करेगी। फेडरेशन से भारतीय सायकिल पोलो संघ के सह सचिव विनायक चन्नावार एवं छत्तीसगढ़ सायकिल पोलो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रमेश श्रीवास्तव व भिलाई स्टील प्लांट सायकिल पोलो साथ सभी सदस्यों के समर्पण की सराहना की। भिलाई स्टील प्लांट सायकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह की भूमिका की प्रशंसा की और कहा कि भिलाई के इस आयोजन की गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जाने की बात कही। एसोसिएशन के निशु पाण्डेय ने अधिक जानकारी देते हुये बताया कि आज सायकिल पोलो मैच के शुभारंभ वाले दिन आज कुल 12 मैच सम्पन्न हुए। जिसमें पुरूष वर्ग में ओपनिंग मैच छत्तीसगढ़ और वेस्ट बंगाल का हुआ जिसमें 9 -5 से जीता जिसमे छत्तीसगढ़ से दुष्यन्त बारले ने 4 गोल किये, शैलेन्द्र गेन्द्रे ने 2 गोल किये और चंद्र शेखर साहू विकास कुमार और रोहन तान्डी , वेस्ट बंगाल की तरफ से सुमित घोष 2 गोल, सुबते बीन 2 गोल ,प्रेम पासी 1 गोल किया।

■ पहले दिन हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 12 मैच

दूसरा मैच में इंडियन आर्मी ने केरला को 18 - 1 गोल से हराया , तीसरे मैच में इंडियन एयर फोर्स ने उत्तर प्रदेश को 16-2 गोल से हराया , चौथे मैच में छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 12-0 गोल से हराया पाँचवे मैच में इंडियन एयर फोर्स ने इंडियन आर्मी को 9-7 गोल से हराया , फिर उत्तर प्रदेश ने केरला को 10-6 गोल से हराया , छटे मैच में टेरिटोरियल आर्मी में महाराष्ट्र को 20-0 गोल से हराया , सातवे मैच टेरिटोरियल आर्मी ने वेस्ट बंगाल को 12-1 गोल से हराया।

महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ ने वेस्ट बंगाल को 9-0 गोल से हराया और उत्तर प्रदेश ने तमिल नाडु को 4-1 गोल से हराया।

# किशोर को मिला इंडिया बेस्ट एमएसएमई अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




मैकेनिकल ऑपरेशन एण्ड मेंटनेंस में बेस्ट बिजनेसमेन द ईयर अवार्ड से नवी मुम्बई महाराष्ट्र में नवाजा गया। यह अवार्ड एमएसएमई ने वर्ष 2023 के लिए खुर्सीपार निवासी वी किशोर (मेसर्स एस- एस इरेक्टर्स) को बेहतर कार्य करने के लिए यह अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड किशोर को वाईस प्रेसिडेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटिड के शरद लांडे ने दिया है। इस दौरान किशोर ने कहा कि अवार्ड मिलने से हमारी कंपनी के प्रोग्रेस में बेहतर साबित होगा। अवार्ड मिलने के पीछे किशोर की 15 वर्षो की मेहनत है। इसके अलावा अवार्ड मिलने के पीछे भिलाई इस्पात संयंत्र, एनएसपीसीएल भिलाई, विशाखापटनम स्टील प्लांट के करण संभव हुआ है। यह तीनों यूनिट का किशोर ने आभार जताया है। समारोह में चीफ फाइनेंशियल अफसर (सीएफओ) आर एक्स आईएल कैलाश कुमार वरोडिया, डीजीएम एमएसएमई एन्ड बीएसई एमएसएमई आनंद चारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।




